Seventeenth Loksabha

>

Title: Clarification regarding allegation levelled by a woman MP for threating her in Parliament Premises.

श्री अरविंद सावंत : सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैंने जीवन के पचास साल सार्वजनिक क्षेत्र में बिताये हैं और उसमें से पच्चीस सालों से संसदीय क्षेत्र में काम कर रहा हूं । हम संसदीय क्षेत्र की मर्यादा, शब्दों की मर्यादा और भाषा की मर्यादा का जीवन भर अनुपालन करते आए हैं । वंदनीय हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे जी का नाम लिया गया । उनके संस्कार से प्रेरित और भारित यह शिवसैनिक आपके सामने खड़ा है । उस दिन जो कुछ हुआ, वह आपको पता है । उस दिन ये राष्ट्रपति जी के शासन की मांग कर रहे थे, उसे छोड़ दो । मेरी आज आपसे उल्टी मांग है । मैंने जीवन में कभी किसी को अपमानित नहीं किया, न कभी अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया है । जो पत्र माननीय अध्यक्ष जी को लिखा गया है, वह पत्र सोशल मीडिया में आ गया है । पिछले दो दिनों से मैं पूरे देश में बदनाम हो रहा हूं, खासकर के, महिला का अपमान करने के कारण, यह मुझे और भी बुरा लग रहा है । मैं मांग करता हूं, सीसीटीवी तो है ही, जो कुछ पत्र में लिखा गया है, उसको बोलने के लिए मुझे वहां रूकना तो पड़ेगा । मैंने किसी को अपमानित किया, मैंने धमकाया, इसकी जांच की जाए । मैं तो उल्टा सदन से और माननीय चेयर से कहता हूं कि जो सजा देंगे, मैं भुगत लूंगा, लेकिन, अगर सच नहीं निकला, तो पिछले दो दिनों में मेरी जो प्रतिभा मलीन हुई है, हम वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के चुनाव से 'जय श्री राम' कहते हुए आए हैं । कल भी कहते थे, आज भी कहेंगे और कल भी कहेंगे । 'जय श्री राम' बोलने के लिए, जिन्होंने इन्कार किया था, जिन्होंने यहां थ्रेट किया था, उनके साथ आपने तालियां बजाईं, जिनका 'जय श्री राम' पर विरोध था । आपको नहीं पता, तो मैं इतिहास भी बता देता हूं । मेरा इतिहास जांच लीजिए और जिन्होंने आरोप लगाया है, उनका भी इतिहास जांच लीजिए । मैंने जीवन भर में कभी किसी को इस तरह से अपमानित नहीं किया है, न करूंगा । इसलिए, मैं कहना चाहता हूं कि आप जांच करके मुझे न्याय दीजिए ।

SHRIMATI CHINTA ANURADHA (AMALAPURAM): Thank you, Chairperson, Sir. As you are aware, Andhra Pradesh is the first and foremost …(*Interruptions*)

माननीय सभापति : हो गया, आपकी बात रिकॉर्ड में आ गई ।

…(व्यवधान)

श्रीमती नवनित रवि राणा : नहीं सर, आपको एक मिनट तो देना ही पड़ेगा ।

माननीय सभापति : आपकी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है ।

…(व्यवधान)

श्रीमती नवनित रवि राणा : सर, वे बोल रहे हैं, अगर ये गुनाह साबित होता है, तो मैं आपको साबित करने के लिए बोलती हूं, आप उसे साबित कीजिए । हाउस में रहकर हमें पता है कि हाउस की रेस्पेक्ट और डिग्निटी क्या है । …(व्यवधान)